राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 13 अप्रेल। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाने की मांग को लेकर तथा राजस्थान के 8 करोड़ निवासियों के साथ भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा विश्वासघात करने के विरोध में इस नहर परियोजना के तहत् लाभान्वित होने वाले 13 जिलों के मुख्यालय पर कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा राजस्थान की जनता के साथ विश्वासघात करने वाले केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का पुतला दहन किया गया। धरने के पश्चात् कांग्रेसजनों द्वारा पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिये जाने की मांग करते हुए महामहिम् राष्ट्रपति महोदय के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के तहत् चम्बल एवं सहायक नदियों के अधिशेष जल को नहर द्वारा प्रदेश के 13 जिलों में पेयजल एवं सिंचाई हेतु पहुॅंचाने की योजना बनी है। राजस्थान के जयपुर तथा अजमेर में जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की जनता को आश्वस्त किया था कि प्रदेश के 13 जिलों के साढ़े तीन करोड़ लोगों को शुद्ध पेयजल तथा दो लाख हैक्टयर से ज्यादा भूमि को सिंचाई हेतु इस परियोजना के तहत् जल प्राप्त होगा, किन्तु केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री जो राजस्थान से ही सांसद भी है, ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस परियोजना हेतु कोई आश्वासन दिये जाने से इनकार कर रहे हैं जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री का इस्तीफा मांगते हुए उनका पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। साथ ही धरना देकर इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाने की मांग करते हुए महामहिम् राष्ट्रपित महोदय को एक ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किया। कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शन में संबंधित जिलों के सभी प्रमुख कांग्रेसजनों ने भाग लिया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज सायंकाल 6 बजे अमर जवान ज्योति, जयपुर पर कांग्रेसजनों ने मोमबत्ती जलाकर जलियां बाग के अमर बलिदानियों को श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 13 अप्रेल। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री मथुरादास माथुर की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 14 अप्रेल, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter